## ओजस्वी घोषवाक्यों से वातावरण गुंजायमान हुआ

**उदयपुर ।** भारतीय नववर्ष के पावन अवसर पर नववर्ष समाजोत्सव समिति के तत्वावधान में आयोजित भव्य शोभायात्रा में इस वर्ष भी संस्कृतभारती की सक्रिय सहभागिता ने पूरे वातावरण को सांस्कृतिक गरिमा और उत्साह से सराबोर कर दिया। संस्था के कार्यकर्ताओं ने पूर्व की भांति इस आयोजन में बढ-चढ़कर भाग लेते हुए न केवल अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, बल्कि संस्कृत भाषा के माधुर्य से जन-जन को जोड़ने का प्रेरणादायी प्रयास भी किया। शोभायात्रा के दौरान संस्कृतं सर्वत्र - संस्कृतं सर्वेषाम्, वदतु संस्कृतम् - जयतु भारतम्, नवसंवत्सरस्य हार्दिकाः शुभाशयाः तथा मातृभूमिः भारतम् - मातृभाषा संस्कृतम् जैसे ओजस्वी घोषवाक्यों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर ठाामीण विधायक फूल सिंह मीणा ने भी संस्कृत के घोष वाक्य बोलकर नव संवत्सर की शुभकामनाएं दी। कार्यकर्ताओं ने संस्कृत में संवाद करते हुए गीत, सूक्तियाँ एवं आकर्षक प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय नववर्ष का संदेश अत्यंत प्रभावी ढंग से प्रसारित किया। संस्कृत गीतों पर प्रस्तुत किए गए उत्साहपूर्ण नृत्य ने भी जनसमूह का विशेष ध्यान आकर्षित किया। संस्कृतभारती की इस सहभागिता का मूल उद्देश्य भारतीय नवसंवत्सर के वास्तविक स्वरूप और उसके सांस्कृतिक महत्व को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुँचाना रहा। साथ ही, संस्कृत भाषा को व्यवहारिक और जन-सुलभ बनाते हुए।

# डॉ. एच.आर. दवे का विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य बनने पर अभिनंदन

- **कार्यक्रम में शिक्षाविद् डॉ. भगवती शंकर व्यास ने यह भी उल्लेख किया कि डॉ. दवे शिक्षा को समाज के विकास का आधार मानते हुए निरंतर प्रयासरत रहते हैं जिससे समाज के ठाामीण एवं शहरी क्षेत्रों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उचित अवसर एवं मार्गदर्शन प्राप्त हो सके। उनके नेतृत्व में समय-समय पर करियर काउंसलिंग, मोटिवेशनल सेमिनार, मॉक इंटरव्यू तथा निःशुल्क मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं, जिनसे हजारों विद्यार्थियों को लाभ मिला है। इस अवसर पर डॉ. एच.आर. दवे ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए ।**

**उदयपुर**, 22 मार्च। विप्र समाज के वैश्विक संगठन विप्र फाउंडेशन के पुष्कर में आयोजित 18 वें राष्ट्रीय अधिवेशन में फाउंडेशन के राष्ट्रीय संयोजक एवं संस्थापक सुशील ओझा ने शिक्षा, रोजगार एवं प्रतियोगी परीक्षा प्रकोष्ठ, विप्र फाउंडेशन ज़ोन-1ए के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. एच.आर. दवे को राष्ट्रीय कार्यकारिणी में सदस्य बनाए जाने की घोषणा की। इस उपलब्धि पर निम्बार्क बी. एड. कॉलेज, उदयपुर में प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों, समाज के गणमान्य व्यक्तियों, शिक्षाविदों एवं युवा साथियों द्वारा उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

अभिनंदन समारोह के दौरान शिक्षा प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव गणेश नागदा ने डॉ. दवे के लंबे समय से शिक्षा एवं समाजसेवा के क्षेत्र में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनका यह चयन उनकी प्रतिबद्धता, नेतृत्व क्षमता एवं निरंतर प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि डॉ. दवे ने हमेशा विद्यार्थियों को सही दिशा देने, उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रेरित करने तथा उनकी सफलता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके मार्गदर्शन में कई अभ्यर्थियों ने आर.ए.एस, तहसीलदार, असिस्टेंट प्रोफेसर, शिक्षक, पुलिस इंस्पेक्टर, कृषि अधिकारी सहित विभिन्न प्रतिष्ठित पदों पर चयन प्राप्त कर समाज का नाम गौरवान्वित किया है।

कार्यक्रम में शिक्षाविद् डॉ. भगवती शंकर व्यास ने यह भी उल्लेख किया कि डॉ. दवे शिक्षा को समाज के विकास का आधार मानते हुए निरंतर प्रयासरत रहते हैं जिससे समाज के ठाामीण एवं शहरी क्षेत्रों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उचित अवसर एवं मार्गदर्शन प्राप्त हो सके। उनके नेतृत्व में समय-समय पर करियर काउंसलिंग, मोटिवेशनल सेमिनार, मॉक इंटरव्यू तथा निःशुल्क मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं, जिनसे हजारों विद्यार्थियों को लाभ मिला है।

इस अवसर पर डॉ. एच.आर. दवे ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान केवल उनका नहीं बल्कि पूरे संगठन एवं उन सभी विद्यार्थियों का है जो अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे अपने नए दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ करते हुए शिक्षा एवं रोजगार के क्षेत्र में और अधिक प्रभावी कार्य करेंगे।

डॉ. दवे ने घोषणा करते हुए बताया कि आगामी अप्रैल माह में सनातन के सर्व समाजों के विद्यार्थियों के लिए आई.ए.एस., आर.ए.एस. जैसी उच्च सेवाओं की प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु एक विशाल निःशुल्क सेमिनार अप्रेल माह में आयोजित किया जाएगा। इस सेमिनार में अनुभवी विषय विशेषज्ञों, चयनित अधिकारियों एवं पूर्व आई. ए. एस. एवं आर. ए. एस. टॉपर्स द्वारा विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी, समय प्रबंधन, विषय चयन, इंटरव्यू तकनीक एवं सफलता के मूल मंत्रों पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।

उन्होंने यह भी बताया कि यह सेमिनार पूर्णतः निःशुल्क होगा, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थी भी इसका लाभ उठा सकेंगे। साथ ही, कार्यक्रम में गत वर्ष 2025 में प्रतियोगी परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा तथा प्रतिभागियों को प्रेरणा एवं आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. हनुमान सहाय ने की।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने डॉ. एच.आर. दवे को नई जिम्मेदारी के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में शिक्षा, रोजगार एवं प्रतियोगी परीक्षा प्रकोष्ठ नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।

इस कार्यक्रम में डॉ. कल्पना शर्मा, डॉ. जे.पी.श्रीमाली, प्रणय जानी, दीपिका मेनारिया, हेमंत आमेटा, राजेश पालीवाल,नीरज नागदा, लोकेश पालीवाल, भरत चौबीसा, दिनेश शुक्ला, राजेंद्र आमेटा आदि शिक्षाविद्, आई.टी. एक्सपट्र्स एवं विषय विशेषज्ञ उपस्थित थे।

# करीब पौने तीन लाख रुपए का अवैध डोडा पोस्त बरामद

- **तीन आरोपी दस्तयाब, एक ट्रक जब्त**

**प्रतापगढ़**, 22 मार्च। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) द्वारा अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की गई है।

एएनटीएफ महानिरीक्षक पुलिस विकास कुमार ने बताया कि अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस दिनेश एम.एन. के मार्गदर्शन में टीम द्वारा लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में प्रतापगढ़ जिले के छोटीसादड़ी थाना क्षेत्र से 18 किलो 320 ठााम अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त बरामद किया गया है। साथ ही तीन आरोपियों को दस्तयाब कर एक ट्रक (रजि. नं. 45 9048) जब्त किया गया है। बता दें कि एएनटीएफ टीम प्रतापगढ़ को सूचना प्राप्त हुई कि एमआर होटल छोटीसादड़ी के सामने हाईवे के पास एक व्यक्ति अवैध डोडा-चूरा की सप्लाई करने आएगा। सूचना के सत्यापन हेतु टीम द्वारा सादा वस्त्रों में होटल के आसपास निगरानी रखी गई। निगरानी के दौरान एक व्यक्ति दो कट्टे लेकर हाईवे किनारे बैठा दिखाई दिया। टीम ने पुलिस थाना छोटीसादड़ी के सहयोग से घेराबंदी कर उक्त व्यक्ति को पकड़ा तथा उसके पास रखे कट्टों की तलाशी लेने पर उनमें अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त पाया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि यह मादक पदार्थ ट्रक (रजि. नं. 45 9048) के चालक को देना था। टीम द्वारा ट्रक के आने का इंतजार किया गया। कुछ समय पश्चात उक्त ट्रक मौके पर पहुंचा और आरोपी से माल लेने का प्रयास किया गया। पुलिस को देखकर ट्रक चालक एवं परिचालक भागने लगे, जिन्हें टीम द्वारा पीछा कर पकड़ लिया गया। कार्रवाई में 18 किलो 320 ठााम अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त बरामद किया गया तथा एक ट्रक (रजि. नं. 45 9048) जब्त किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में दिनेश पुत्र रूपा, निवासी भाटखेड़ी थाना धोलापानी जिला प्रतापगढ़, बलविन्दर सिंह पुत्र वार्यम सिंह, निवासी कुलदीप नगर थाना गांधीनगर जिला यमुनानगर (हरियाणा) तथा अमरजीत सिंह पुत्र माघ सिंह, निवासी रमाना थाना तिरोड़ी जिला करनाल (हरियाणा) शामिल हैं। कार्रवाई में एएनटीएफ मुख्यालय जयपुर, एएनटीएफ चौकी प्रतापगढ़ एवं पुलिस थाना छोटीसादड़ी की विशेष भूमिका रही। महानिरीक्षक पुलिस विकास कुमार ने बताया कि कार्रवाई में शामिल समस्त टीमों को एएनटीएफ मुख्यालय में आयोजित विशेष कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। महानिरीक्षक पुलिस द्वारा आमजन से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार की अपराध संबंधी सूचना एएनटीएफ नियंत्रण कक्ष नंबर 0141-2502877 या व्हाट्सएप नंबर 9001999070 पर दी जा सकती है। सूचना देने वाले की गोपनीयता पूर्णतः सुरक्षित रखी जाएगी।

## मंगल प्रवेश

**बांसवाड़ा** । भारत गौरव अंतर्मना आचार्य प्रसन्न सागर महाराज ने अपने 16 पिच्छी ससंघ के साथ बाहुबली कॉलोनी स्थित सुमतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में मंगल प्रवेश किया। कुशलबाग से श्रावक गुरुदेव की अगवानी करते हुए शोभायात्रा के रूप में बाहुबली कॉलोनी तक लाए। इस दौरान पूरा मार्ग भक्ति के रंगों में सराबोर नजर आया महिला मंडल की सदस्याएं सिर पर मंगल कलश लिए चल रही थी वहीं बाहुबली बहू मंडल की महिलाओं ने विशेष ड्रेस कोड में मनमोहक नृत्य कर समां बांध दिया। वागड़ के स्थानीय आदिवासी कलाकारों ने हाथों में तलवार और पैरों में घुंघरू बांधकर पारंपरिक नृत्य किया जो आकर्षण का केंद्र रहा। पुरुष वर्ग सफेद वस्त्रों में और सुमतिनाथ नवयुवक मंडल अपनी विशिष्ट पोशाकों में अनुशासन के साथ शोभायात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे। संघ के बाहुबली कॉलोनी मुख्य द्वार पर पहुंचने पर समाज के पदाधिकारियों ने गुरुदेव का पाद प्रक्षालन कर उन्हें कॉलोनी में प्रवेश का न्योता दिया। मार्ग में भक्तों ने पुष्प वर्षा कर जयघोष किये। सुमतिनाथ जिनालय में दर्शन के पश्चात गुरुदेव पंडाल पहुंचे जहां महेंद्र वोरा परिवार ने पाद प्रक्षालन का लाभ लिया। आचार्य ने जीवन दर्शन के गूढ़ रहस्यों को सरल शब्दों में समझाते हुए कहा कि नदी को देखने से शीतलता मिल सकती है लेकिन प्यास नहीं बुझती उसके लिए झुकना पड़ेगा ।

### सार-समाचार

## शिकायत के लिए नम्बर जारी

**बांसवाड़ा।** स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) राजस्थान सरकार के स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर के के गुप्ता के द्वारा पांच-पांच प्रभारियों के नाम और मोबाइल नंबर जारी किए गए हैं, जिनके द्वारा नगर पालिका क्षेत्र कुशलगढ़ और परतापुर-गढ़ी में विभिन्न समस्याओं और स्वच्छ भारत मिशन से संबंधित शिकायत को दर्ज किया जाएगा और आधिकारिक व्हाट्सएप ग्रुप में मय फोटोठााफ और वीडियोग्राफी के साथ में साझा किया जाएगा। जारी आदेश अनुसार, नगर पालिका क्षेत्र कुशलगढ़ में कहीं पर भी गंदगी पाए जाने पर शिकायत श्री आशीष जोशी 9983338444 को, बाग बगीचों की व्यवस्था से संबंधित शिकायत राघवेश चरपोटा 995005908 को, विभिन्न गली मोहल्ले में रोड लाइट बंद होने की शिकायत दिलीप टेलर 9828354730 को, नगर क्षेत्र में निजी खाली प्लॉट पर गंदगी पाई जाने पर महावीर कोठारी 946058817 को और सड़कों पर बेसहारा घूमती गाय की सूचना रितेश गादिया 9521097269 को दी जा सकती है उपरोक्त संदर्भ में शिकायत आने पर संबंधित निकाय द्वारा उसका शीघ्र निस्तारण किया जाएगा। इसी क्रम मे नगर पालिका क्षेत्र परतापुर-गढ़ी में कहीं पर भी गंदगी पाए जाने पर शिकायत मानसिंह राठौर 9799801719 को, बाग बगीचों की व्यवस्था से संबंधित शिकायत ललित कमाल 9602683853 को, विभिन्न गली मोहल्ले में रोड लाइट बंद होने की शिकायत श्री निलेश सोनी 9079182224 को, नगर क्षेत्र में निजी खाली प्लॉट पर गंदगी पाई जाने पर रमेश नागदा 9413626222 को और सड़कों पर बेसहारा घूमती गाय की सूचना दीपक जोशी 9414497171 को दी जा सकती है, उपरोक्त संदर्भ में शिकायत आने पर संबंधित निकाय द्वारा उसका शीघ्र निस्तारण किया जाएगा।

## जीजीटीयू में 28 मार्च को इतिहास के अनसुने नायकों पर होगा राष्ट्रीय मंथन

**बांसवाड़ा** । गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय में आगामी 28 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय संगोष्ठी भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में जनजातीय नायकों का योगदान के ब्रोशर का विमोचन कुलगुरु प्रो. केशव सिंह ठाकुर ने किया। कुलगुरु प्रो. ठाकुर ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संठााम में जनजातीय नायकों की भूमिका महत्वपूर्ण रही है लेकिन इतिहास लेखन में उनके योगदान को अपेक्षित स्थान नहीं मिल पाया। उन्होंने कहा कि यह संगोष्ठी उन अनसुने और उपेक्षित नायकों के योगदान को सामने लाने का सशक्त मंच बनेगी तथा नई पीढ़ी को उनके त्याग, संघर्ष और राष्ट्रभक्ति से परिचित कराएगी। कार्यक्रम संयोजक प्रो. प्रमोद वैष्णव ने बताया कि अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना के साथ विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित होने वाली इस संगोष्ठी का उद्देश्य जनजातीय इतिहास के विविध आयामों सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक एवं आर्थिक पक्षों पर गंभीर और सार्थक विमर्श करना है। उन्होंने कहा कि देश से विद्वानों, शोधार्थियों और इतिहासकारों की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है जिससे विषय पर बहुआयामी दृष्टिकोण विकसित होगा। आयोजन सचिव डॉ. राकेश डामोर ने बताया कि मुख्य अतिथि केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुर्गादास उइके, मुख्य वक्ता राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ. बालमुकुंद पांडे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्य सरकार के मंत्री हेमंत मीणा तथा सागवाड़ा विधायक शंकरलाल डेचा सम्मिलित होंगे वहीं अध्यक्षता कुलगुरु प्रो. केशव सिंह ठाकुर करेंगे। साथ ही विशिष्ट वक्ता प्रोफेसर-इतिहास प्रो. शिवकुमार मिश्रा इग्नू नई दिल्ली एवं राष्ट्रीय मंत्री- अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना, विशेषज्ञ डॉ. दीपमाला रावत, जनजातीय प्रकोष्ठ लोक भवन, भोपाल, विभागाध्यक्ष प्रो. के अनिल कुमार, जनपद संपदा, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र नई दिल्ली के साथ इतिहास एवं अकादमिक क्षेत्र के कई प्रतिष्ठित विद्वान भी अपने विचार साझा करेंगे। आयोजन सह-सचिव डॉ. लोकेन्द्र कुमार ने बताया कि संगोष्ठी की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं तथा पंजीकरण प्रक्रिया का भी अच्छा परिणाम रहा है। उन्होंने बताया कि शोधपत्र प्रस्तुत करने के लिए बड़ी संख्या में प्रविष्टियां प्राप्त हो रही हैं। संगोष्ठी में भगवान बिरसा मुंडा, संत गोविन्द गुरु, टांट्यया भील, रानी गाइदिन्ल्यू, सिद्धो-कान्हू एवं अन्य जनजातीय वीरों के योगदान पर विशेष चर्चा की जाएगी। डॉ लोकेंद्र ने बताया कि कार्यक्रम के माध्यम से इन नायकों के बलिदान को राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में स्थापित करने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के वित्त नियंत्रक उदय सिंह, उपकुलसचिव प्रो. राजेश जोशी, परीक्षा नियंत्रक प्रो. प्रमोद वैष्णव, अकादमिक प्रभारी प्रो शफकत राना, शोध निदेशक प्रो. नरेन्द्र पानेरी, प्रभारी सम्बद्धता डॉ. राकेश डामोर, सहायक कुलसचिव डॉ. लोकेन्द्र कुमार, अभियांत्रिकी महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अर्पित पाठक, कनिष्ठ लेखा सहायक शुभम् पंड्या सहित आयोजन समिति के सदस्य मौजूद रहे।

### सार-समाचार

## पेसिफिक कॉलेज ऑफ फार्मेसी, पाहेर यूनिवर्सिटी, उदयपुर को 7 लाख रुपये की शोध स्वीकृति

**उदयपुर ।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2025.26 के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण शोध परियोजना को स्वीकृति प्रदान की गई है। यह परियोजना पेसिफिक कॉलेज ऑफ फार्मेसी, पाहेर यूनिवर्सिटी, उदयपुर के अंतर्गत संचालित की जाएगी, जिसके लिए कुल 7 लाख रुपये का अनुदान स्वीकृत किया गया है। पेसिफिक विश्वविद्यालय के प्रेसिडेंट प्रो. हेमन्त कोठारी ने बताया कि इस शोध परियोजना का शीर्षक मोरिंगा ओलीफेरा और विदानिया कोगुलांस का उपयोग करके मालन्यूट्रिशन एंड मेटाबोलिक डिसओडर्स से निपटने के लिए न्यूट्रास्यूटिकल और फाइटो.थेरेप्यूटिक हस्तक्षेपों का एकीकृत विकास है, इस परियोजना की प्रिंसीपल इन्वेस्टीगेटर फार्मेसी क्षेत्र की सीनियर प्रोफेसर डॉ. गुंजन जड़ोन हैं। वहींए इस परियोजना में डॉ. अवध किशोर को कॉ-प्रिंसीपल इन्वेस्टीगेटर के रूप में शामिल किया गया है, जो शोध कार्य में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे। इसके साथ ही अनुक्रमण सिंह भी इस परियोजना में शोध कार्य से जुड़े रहेंगे और फार्माकोलॉजी से संबंधित अध्ययन पर कार्य करेंगे। डॉ. गुंजन ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा यह अनुदान अनुसूचित जाति कल्याण योजना के तहत प्रदान किया गया है, जिसका उद्देश्य कुपोषण एवं मेटाबोलिक विकारों से निपटने के लिए प्रभावी प्राकृतिक उपचार विकसित करना है। परियोजना के तहत पहले वर्ष में 4 लाख रुपये तथा दूसरे वर्ष में 3 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इस राशि का उपयोग मुख्य रूप से उपभोग्य सामठाीए यात्रा व्यय एवं अन्य अनुसंधान गतिविधियों में किया जाएगा। इस उपलब्धि पर फेकल्टी ऑफ फार्मेसी के डीन डॉ. पी.के. चौधरी ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह हमारे संस्थान के लिए गर्व का क्षण है। इस प्रकार की शोध परियोजनाएं न केवल विद्यार्थियों और शोधकर्ताओं को प्रेरित करती हैंए बल्कि समाज के लिए उपयोगी एवं नवाचारपूर्ण समाधान विकसित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। हमें विश्वास है कि यह परियोजना कुपोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों के समाधान में सार्थक योगदान देगी। विभाग द्वारा यह भी निर्देश दिए गए हैं कि परियोजना की प्रगति रिपोर्ट हर छह माह में प्रस्तुत की जाएगी तथा परियोजना पूर्ण होने पर विस्तृत रिपोर्ट जमा करनी होगी। यह शोध कार्य न केवल वैज्ञानिक क्षेत्र में योगदान देगाए बल्कि कुपोषण जैसी गंभीर समस्याओं के समाधान में भी सहायक सिद्ध हो सकता है।

## सुंदरकांड पाठ

**बांसवाड़ा ।** तिरुपति नगर स्थित सन्मति नगर उद्यान में शनिवार रात्रि को सन्मति नगर महिला समिति के यजमानत्व एवं वैष्णव सत्संग मंडल के सानिध्य में सुंदरकांड पाठ किया गया। वैष्णव सत्संग मंडल के मनोज वैष्णव ने गणपति आराधना की तथा हितेश वैष्णव ने सुंदरकांड पाठ किया। वाद्ययंत्रों पर मंडल के कमलेश शर्मा, दिनेश वैष्णव एवं रामगोपाल जयसवाल ने संगत दी। सन्मति नगर उद्यान में महिला समिति की विद्या कलाल, बबीता पुरी, कृष्णा शर्मा, राधा जोशी, जया वैष्णव, आरती रावल, लीला शर्मा, निधि राठौर, मधु गोस्वामी, पायल शर्मा, सरोज वैष्णव, सपना वैष्णव, रेनू सिसोदिया, ममता व्यास, रेशम चौबीसा, दीपिका सोनी, तुलसी राठौर, वर्षा जैन, सविता चौधरी, वीना चौबीसा, डिम्पल चौबीसा, महेश चौबीसा, राजेश सुथार, प्रवीण सक्सेना, नारायण कीर, नरेंद्र गोस्वामी, नानालाल कलाल, गजेंद्र वैष्णव, दिनेश वैष्णव, हितेश वैष्णव, नरेन्द्र व्यास, रघुनाथ सिंह, बलवंत सिंह, शिव सिंह चौधरी, महेंद्र सिंह आदि।

# लगातार हो रही दुर्घटनाओं को लेकर चिंता

- **अम्बेरी-आरटीओ रोड पर खतरनाक मोड को लेकर बैठक आयोजित**
- **अंधे मोड के कारण आए दिन दुर्घटना हो रही हैं।**

**उदयपुर**, 22 मार्च। शहर के भुवाणा क्षेत्र स्थित कृष्ण विहार, कृष्ण कुंज विहार एवं रूपनगर कॉलोनियों के रहवासियों की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को आयोजित की गई। बैठक में अम्बेरी-आरटीओ रोड पर हनुमानजी मंदिर के पास बने खतरनाक अंधे मोड़ पर लगातार हो रही दुर्घटनाओं को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की गई।

बैठक में उपस्थित लोगों ने बताया कि कॉलोनियों के निवासियों को रोजमर्रा के आवागमन के लिए इसी मार्ग का उपयोग करना पड़ता है, लेकिन ब्रिज से नीचे उतरते समय अंधे मोड के कारण आए दिन वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं और क्षेत्रवासियों में भय का माहौल बना हुआ है।

कॉलोनीवासियों ने बताया कि इस समस्या के समाधान के लिए वे लंबे समय से नगर विकास न्यास और उदयपुर विकास प्राधिकरण से मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

बैठक की अध्यक्षता भाजपा उदयपुर की प्रदेश एसटी मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती संतोष मीणा ने की। बैठक में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि यदि हनुमानजी मंदिर को कॉलोनी में उपलब्ध खाली भूमि पर स्थानांतरित किया जाए, तो सड़क के बीच बने अंधे मोड़ को हटाया जा सकता है। इससे दुर्घटनाओं में कमी आएगी और आवागमन सुरक्षित हो सकेगा। निर्णय लिया गया कि इस प्रस्ताव को शीघ्र ही उदयपुर विकास प्राधिकरण के समक्ष प्रस्तुत कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की जाएगी।

बैठक के अंत में कृष्ण कुंज विहार समिति के अध्यक्ष शैतान सिंह देवड़ा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# 1168 से अधिक आदिवासी गांवों में गूंजा जल स्वराज का स्वर

**बांसवाड़ा** । विश्व जल दिवस पर वाग्धारा संस्था की ओर से हिंदुस्तान यूनिलीवर फाउंडेशन के सहयोग से राजस्थान, मध्य प्रदेश और गुजरात के ट्राइबल ट्राई-जंक्शन क्षेत्र के 1168 से अधिक आदिवासी गांवों में एक साथ जल स्वराज संवाद का आयोजन किया गया। कृषि एवं आदिवासी स्वराज संगठन, ठााम स्वराज समूह, सक्षम समूह एवं बाल स्वराज समूह की अगुवाई में आयोजित यह पहल एक व्यापक जन-अभियान के रूप में सामने आई जिसने जल संरक्षण को सामुदायिक स्वामित्व, समानता और सतत विकास के साथ जोड़ते हुए एक सशक्त सामाजिक जन संवाद का रूप दिया। इस अभियान में 78 हजार 988 ठाामीणों विशेष रूप से महिलाओं, बच्चों और युवाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। यह अभियान केवल संवाद का मंच नहीं रहा बल्कि व्यवहारिक परिवर्तन की दिशा में एक ठोस प्रयास के रूप में उभरा। 1168 से अधिक गांवों में एक साथ आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से ठाामीणों को जल संरक्षण के महत्व से जोड़ा गया। जल संजीवन फिल्म के प्रदर्शन के जरिए जल संकट, उसके समाधान और सामुदायिक भूमिका को सरल और प्रभावी तरीके से समझाया गया। साथ ही पारंपरिक हलमा सामुदायिक श्रमदान को पुनर्जीवित करते हुए जल स्त्रोतों के संरक्षण की दिशा में ठोस कार्य किए गए जिससे यह स्पष्ट हुआ कि स्थानीय परंपराएं आज भी स्थायी समाधान का आधार बन सकती हैं। जल स्वराज संवाद केवल चर्चा तक सीमित नहीं रहा बल्कि सामूहिक कार्यवाही में परिवर्तित हुआ। 350 से अधिक स्थानों पर हलमा के माध्यम से तालाबों, कुओं और अन्य जल स्त्रोतों की सफाई एवं गहरीकरण किया गया। वर्षा जल संचयन संरचनाओं का निर्माण एवं मरम्मत सामूहिक प्रयासों से की गई। साथ ही किसानों ने ड्रिप और स्प्रिंकलर जैसी जल बचत तकनीकों को अपनाने की दिशा में पहल की तथा स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप फसल चयन और विविधता को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। संवाद के दौरान जल प्रबंधन से जुड़े तीन महत्वपूर्ण आयाम जल संरक्षण के स्थानीय उपायों पर विशेष बल दिया गया जिसमें पाल बांध, तालाब, चेक डैम और वर्षा जल संचयन संरचनाओं के निर्माण एवं पुनर्जीवन को प्राथमिकता दी गई वहीं महिलाओं की भूमिका को केंद्र में रखते हुए यह समझ विकसित की गई कि पानी लाने के बोझ को कम करना और निर्णय प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना आवश्यक है तथा जल, आजीविका और स्वास्थ्य के गहरे संबंध को रेखांकित किया गया जिसमें सुरक्षित पेयजल से स्वास्थ्य सुधार और जल दक्ष खेती के माध्यम से बेहतर आजीविका के अवसरों को जोड़ा गया। अभियान के दौरान समुदाय की आवाज़ ने इस पहल को और अधिक सशक्त बनाया। सक्षम समूह की महिला प्रतिभागी मीरा देवी ने कहा कि अगर गांव में पानी रुकेगा, तो खेती बचेगी, समय बचेगा और हमारे बच्चों का भविष्य भी सुरक्षित होगा। वहीं ठााम समुदाय ने यह स्पष्ट किया कि जल केवल एक संसाधन नहीं बल्कि जीवन और सम्मान से जुड़ा विषय है ।

## गायत्री शक्तिपीठ पर रक्तदान शिविर में उमड़ा उत्साह

**प्रतापगढ़**, 22 मार्च। अखिल विश्व गायत्री परिवार की युवा इकाई (दिया) एवं सेवा भारती के संयुक्त तत्वावधान में गायत्री शक्तिपीठ प्रतापगढ़ पर रविवार को आयोजित रक्तदान शिविर में युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। संरक्षक श्रीमती हेमलता गौड़ ने बताया कि शहीद दिवस के अवसर पर आयोजित शिविर का शुभारंभ गायत्री मंत्रों के उच्चारण के साथ किया गया। इस अवसर पर जिला अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. आलोक यादव, श्रीमती रूबी यादव, ओमप्रकाश शर्मा, डॉ. अरुण बिस्सा, सेवा भारती के जिलाध्यक्ष मुकेश शर्मा तथा ब्लड बैंक के डॉ. दिलीप एवं टीम ने दीप प्रज्वलन कर वीर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की। डॉ. अरुण बिस्सा ने बताया कि शिविर में कुल 117 यूनिट रक्त संठाहित हुआ, जिसमें 38 प्रथम बार रक्तदान करने वाले और 46 महिला रक्तदाताओं ने भाग लिया। प्रतापगढ़ जिला केमिस्ट एसोसिएशन, जिला अस्पताल के चिकित्सक व कर्मचारी, युवा संगठन अरनोद, भारत विकास परिषद, दिया।

# बांसवाड़ा - गायत्री मण्डल की आम सभा में कई महत्त्वपूर्ण निर्णय

**बांसवाड़ा**, । धार्मिक आध्यात्मिक क्षेत्रों और सनातन परम्पराओं के संरक्षण-संवर्धन के साथ ही इन विषयों से संबंधित व्यापक लोक जागरण एवं संस्कार संवहन के लिए गायत्री मण्डल द्वारा योजनाबद्ध प्रभावी प्रयास किए जाएंगे। इसके लिए मण्डल द्वारा संचालित श्री पीताम्बरा आश्रम को बहुआयामी चेतना केन्द्र के रूप में विकसित किया जाएगा। यह निर्णय रविवार को श्री पीताम्बरा आश्रम में मण्डल अध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई गायत्री मण्डल की आम सभा में किया गया। इसमें अब तक की गतिविधियों की समीक्षा कर समस्त कार्यों का अनुमोदन करने के साथ ही भावी योजनाओं व प्रस्तावों को अंतिम रूप दिया गया। मण्डल के मुख्य संरक्षक, पूर्व आयुक्त दिलीप गुप्ता ने अब तक जुड़े सभी सदस्यों एवं सहयोगियों की भूमिका की सराहना करते हुए सभी वर्गों के सनातनधर्मियों की सहभागिता सुनिश्चित करने की दिशा में बहुआयामी प्रयासों पर जोर दिया। गायत्री मण्डल के सचिव विनोद शुक्ल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोहर जी. जोशी, उपाध्यक्ष अनिमेष पुरोहित, कोषाध्यक्ष अनन्त जोशी एवं सह सचिव सुभाष भट्ट आदि ने संस्था की उपलब्धियों, वित्तीय स्थिति, भावी योजनाओं आदि पर विस्तार से जानकारी दी। आमसभा में पूर्व अध्यक्ष विद्यासागर शुक्ल, रामशंकर जोशी, चन्द्रेश व्यास, मनोहर एच.जोशी, चन्द्रेश व्यास, द्रोमिल त्रिवेदी, कमल भट्ट, चन्द्रशेखर जोशी, किशोर पाठक, अनिल पण्ड्या, सुरेश पण्ड्या आदि सदस्यों ने महत्त्वपूर्ण सुझाव दिए। मण्डल की विभिन्न गतिविधियों में उल्लेखनीय सेवाओं के लिए वित्तीय सलाहकार सीए अंजनी त्रिवेदी एवं कोषाध्यक्ष अनन्त जोशी का उपरणा एवं शॉल ओढ़ाकर अभिनन्दन किया गया। आम सभा में बताया गया कि संस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में दूरदर्शी एवं ठोस कार्य निरन्तर जारी हैं और इसके अन्तर्गत इस वर्ष 50 आजीवन सदस्यों का लक्ष्य रखा गया है। आगामी एक अप्रेल से वर्ष 2026-27 के लिए वार्षिक सदस्यता एवं नवीनीकरण अभियान आरंभ होगा। आम सभा में निर्णय किया गया कि मण्डल की गतिविधियों को और अधिक विस्तार देते हुए अब सनातन धर्म एवं परम्पराओं से संबंधित लोक जागरणपरक अधिकाधिक गतिविधियों को हाथ में लिया जाएगा और इसके लिए सभी समानधर्मा संस्थाओं, संगठनों एवं समूहों की सक्रिय भागीदारी प्राप्त की जाएगी। आम सभा में किए गए निर्णयों के अनुसार गायत्री मण्डल के संस्थापक ब्रह्मिर्ष पं. महादेव शुक्ल सहित संत-महात्माओं, विभिन्न विषयों के विद्वानों की जयन्ती एवं पुण्य तिथि पर अतिथि विद्वानों एवं विशेषज्ञों की वार्ताओं, स्मृति व्याख्यानमालाओं एवं संगोष्ठियों, परिचर्चाओं आदि का आयोजन, विभूतियों का सम्मान-अभिनन्दन, पं. महादेव शुक्ल स्मृति ठांथ प्रकाशन, गोरजी परम्परा के पुनर्जीवन के लिए विभिन्न समाजों के गोरजियों की गोरजी परिषद् का गठन करने आदि शताधिक कार्य मुख्य हैं। इसी प्रकार विभिन्न तिथि, व्रत, पर्व आदि पर शास्त्रसम्मत निर्णय के लिए ज्योतिषियों और पंचांग निर्माताओं की संगोष्ठी, ऑनलाईन परिचर्चा आदि के माध्यम से सर्वसम्मत निर्णय करने, नई पीढ़ी को ज्योतिष एवं कर्मकाण्ड क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए पूजा-पाठ एवं अनुष्ठानों आदि में बेरोजगार युवाओं की समुचित भागीदारी सुनिश्चित करने, महिला मण्डल व प्राच्यविद्या शोध संस्थान के पुनर्गठन का निर्णय किया गया। बैठक में मण्डल एवं आश्रम की गतिविधियों के सुचारू संचालन के लिए विभिन्न उप समितियों एवं आयोजन समितियों के गठन, ज्योतिष, कर्मकाण्ड, पुरातन विद्याओं पर शिविरों के आयोजन, आश्रम की गतिविधियों को संस्था केन्द्रित स्वरूप देने, पीताम्बरा परिषद एवं श्रीविद्या साधना परिषद भंग करने, नवीन प्रकल्पों का सूत्रपात करने के निर्णय भी हुए। आश्रम परिसर में स्थापित महर्षि पं. पन्नालाल जोशी प्राच्यविद्या संदर्भ ठांथालय के विधिवत संचालन की रूपरेखा पर चर्चा के दौरान् बताया गया कि शीघ्र ही इसका शुभारंभ किया जाएगा ताकि सनातन वैदिक व पौराणिक ज्ञान, परम्पराओं एवं प्राच्यविद्याओं से संबंधित साहित्य का जिज्ञासु जन उपयोग कर सकें।

बैठक में निर्णय किया गया कि आश्रम के विस्तार के लिए शीघ्र ही द्वितीय चरण का निर्माण एवं विकास कार्य आरंभ होगा। ठाीष्मावकाश में ज्योतिष, पौरोहित्य एवं कर्मकाण्ड तथा साधना प्रशिक्षण शिविर पर विचार किया गया। वर्ष 2026-27 में विभिन्न उत्सव, पर्व, त्योहार, नैमित्तिक अनुष्ठानों, प्राच्यविद्याओं से सम्बद्ध शिविरों, कार्यशालाओं, व्याख्यानों आदि आयोजनों की वार्षिक योजना व रूपरेखा निर्माण किया गया।


## कार्यालय ग्राम पंचायत ईण्टाली, पंचायत समिति सेमारी, जिला सलुम्बर

क्रमांकः निविदा/2025-26/ग्र.प./SPL13 दिनांकः 18.03.2026

**खुली ई निविदा सूचना 05/2025-26**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत ईन्टाली में एमएलए लेड अन्तर्गत स्वीकृत कुल 2 कार्य कुल राशि 20.00 लाख हेतु पंजीकृत संवेदकों/फर्मो के माध्यम से ओन लाईन ई निविदाएं आमंत्रित की जाती है। जिसकी ऑनलाईन अपलोड करने की अंतिम दिनांक 25.03.2026 है। विस्तृत विवरण/जानकारी www.sppp.rajasthan.gov.in व www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN No ZUD2526WSOB05002, ZUD2526WSOB05003

ग्राम विकास धिकारी
ग्राम पंचायत ईन्टाली
पं.स. सेमारी जि. सलूम्बर (राज.)

प्रशासक
ग्राम पंचायत ईन्टाली
पं.स. सेमारी जि. सलूम्बर (राज.)